Dainik Jagran 24-7-25

# एसो. ने सुनाई शिक्षकों की समस्याएं



सीएसीटीए के सदस्य से मुलाकात करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष • एसोसिएशन

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ एडेड कालेज टीचर्स एसोसिएशन (सीएसीटीए) के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा से मुलाकात कर वर्षों से लंबित सेवा शर्तों, प्रमोशन और भत्तों से जुड़ी समस्याओं को उठाया। डा. मीनाक्षी राठौर और प्रो. अमिताभ के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने बताया कि एडेड कालेजों में 30 हजार से अधिक छात्रों को शिक्षा देने वाले शिक्षक लंबे समय से उपेक्षित हैं। मल्होत्रा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और शिक्षकों की भूमिका को चंडीगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में अहम बताया।

Chandigarh Bhaskar 24-7-25

# बीजेपी अध्यक्ष के समक्ष रखी कॉलेजों की समस्याएं




चंडीगढ़| एडिड कॉलेजों के टीचर्स की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए चंडीगढ़ एडेड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (कैक्टा) का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा से मिला। अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी राठौर और सचिव प्रो. अमिताभ द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जीजीडीएसडी, एमसीएम डीएवी, डीएवी कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में काम कर रहे टीचर्स की समस्याएं रखीं। प्रमोशन, भत्तों, सेवा नियमों के क्रियान्वयन और पीएचडी लाभ में देरी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। मल्होत्रा ने समाधान का आश्वासन दिया।